राज्य के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में रिक्त अकादमिक पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया

प्रतिनियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी के बाद पाए गए पात्र आवेदकों की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के पश्चात् प्राप्त अंकों में एम.एड./एम.एल.एड. हेतु निर्धारित अंकों को जोड़कर वरीयता क्रम में विषयवार एवं डाइटवार चयन सूची तैयार की जावेगी–

(अ) लिखित परीक्षा– लिखित परीक्षा का समय 3 घंटा होगा। इसमें प्रश्नों के क्षेत्र निम्नानुसार होंगेः–

(1) भाषा बोध (अंग्रेजी/हिन्दी) का प्रश्न 50 अंकों का होगा जिसमें न्यूनतम 25 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा किन्तु यह अंक कुल प्राप्तांक में जोड़ा नहीं जायेगा। भाषा बोध (अंग्रेजी/हिन्दी) में 25 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को ही शैक्षिक अभिरूचि, बाल मनोविज्ञान एवं तार्किक क्षमता के प्राप्तांक के आधार पर उन्हें साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जायेगा।

(2) शैक्षिक अभिरुचि	30 अंक
(3) बाल मनोविज्ञान	30 अंक
(4) तार्किक क्षमता	15 अंक

लिखित परीक्षा हेतु केन्द्र– शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर होंगे।

लिखित परीक्षा की तिथि 13 मार्च 2016 समय 11.00 से 2.00 बजे तक होगी।

(ब) साक्षात्कार– लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों की वरीयता के अनुसार डाइट में रिक्त विषयवार पदों की पूर्ति हेतु साक्षात्कार के लिए लिखित परीक्षा में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। साक्षात्कार हेतु अंकों का वितरण निम्नानुसार होगा–

	(1) व्यक्तित्व–इसमें सम्प्रेषण एवं आत्मविश्वास सम्मिलित होगा	5 अंक
	(2) कौशल–विज्ञापन अनुसार एवं परिषद् में तैयार की गई सूची के अनुसार	5 अंक
	(3) समस्या समाधान अभिवृत्ति	5 अंक
	(4) विषय ज्ञान	5 अंक
	कुल	**20 अंक**
(स)	एम.एड./एम.एल.एड. हेतु	5 अंक

(अ), (ब) एवं (स) के कुल अंकों का योग 100 होगा। जिसके आधार पर वरीयता सूची विषयवार एवं डाइटवार तैयार की जावेगी जिसमें से रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र में दिए विकल्पानुसार प्रतिनियुक्ति हेतु चयन सूची बनाई जावेगी।

सक्षात्कार हेतु चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए शासकीय नियमानुसार टी.ए. की पात्रता होगी।

संचालक